हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

04 जांच दल ने जब्त किया 465 किलो मावा, दो ...



07 ध्यान से मन होता है शांत, सकारात्मक विचार और...





## नरवाई में आगः खेतों में नुकसान ही नुकसान, मिट्टी और पर्यावरण दोनों पर पड़ता है असर

- नरवाई जलाने से गाय का मुख्य चारा भूसा हो जाता है नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

हर साल फसल कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई को जलाने की घटनाएं सामने आती हैं।

किसान त्वरित तरीके से खेत साफ करने और अगली फसल की तैयारी के लिए आग का सहारा लेते हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह तरीका अल्पकालिक सुविधा तो देता है, पर दीर्घकाल में जमीन, उत्पादन और स्वयं किसान के लिए हानिकारक साबित होता है।

कई किसानों के पास आधुनिक कृषि यंत्र जैसे हैप्पी सीडर, रोटावेटर या सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम उपलब्ध नहीं होते। मजदूरी महंगी होने और समय की कमी के कारण वे नरवाई जलाना आसान विकल्प मानते हैं। आग लगाने से खेत जल्दी साफ हो जाता है और जुताई में आसानी होती है। लेकिन यह त्वरित समाधान भविष्य में भारी नुकसान का कारण बनता है। हालांकि प्रशासन लगातार किसानों को जागरुक करने का प्रयास कर रहा है और सेटेलाइट के माध्यम से नरवाई जलाने की निगरानी भी की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि नरवाई को जलाने के बजाय रोटावेटर या अन्य यंत्रों से मिट्टी में मिला दिया जाए तो यह प्राकृतिक खाद का काम करती है। कृषि वैज्ञानिकों का सुझाव है कि सरकार को किसानों को अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अधिक अनुदान देना चाहिए। वहीं किसानों को भी यह समझना होगा कि अल्पकालिक सुविधा के बजाय दीर्घकालिक लाभ को प्राथमिकता देना ही उनके हित में है। नरवाई को जलाने के बजाय उसे खेत में मिलाना न केवल मिट्टी के लिए वरदान है, बल्कि किसान की आय और पर्यावरण दोनों के लिए फायदेमंद कदम साबित हो सकता है।

### नरवाई जलाने से 400-600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है खेत की जमीन का तापमान

नरवाई जलाने से मिट्टी की ऊपरी सतह का तापमान 400-600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव (माइक्रो ऑर्गेनिज्म), केंचुए और लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। ये जीव मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आग से मिट्टी की जैविक कार्बन मात्रा घटती है, जिससे जमीन की संरचना कमजोर होती है। परिणामस्वरूप मिट्टी सख्त होती जाती है, पानी सोखने की क्षमता कम होती है और लंबे समय में उत्पादन घटने लगता है।

### किसानों को क्या नुकसान

- **उर्वरता में कमी :** मिट्टी की प्राकृतिक ताकत घटने से अधिक रासायनिक खाद की जरूरत पड़ती है, जिससे लागत बढ़ती है।
- **उत्पादन पर असर :** लगातार आग लगाने से फसल की पैदावार कम हो सकती है।
- **पर्यावरणीय नुकसान :** धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाता है, जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और कई बार प्रशासनिक कार्रवाई का सामना भी करना पड़ता है।

### नरवाई न जलाने के फायदे

- अवशेष सड़कर ह्यूमस बनाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है।
- मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है, जिससे सिंचाई की जरूरत कम होती है।
- नरवाई को खेतों में मिलाने से रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता घटती है।
- जमीन की गुणवत्ता सुधरने से फसल की पैदावार में स्थिरता आती है।

### खबर संक्षेप

#### नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का धरना आज

**विदिशा।** सरकार द्वारा उपार्जन की तिथि बार-बार बढ़ाए जाने, ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा व बीमा राशि न मिलने तथा कथित किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं किसान कांग्रेस आज गुरुवार को दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहा पर धरना देगी। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि आंदोलन किसानों के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने किसानों और सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों से शामिल होकर किसानों की आवाज बुलंद करने की अपील की है।

#### भर्ती प्रचार के लिए पुलिस बैंड का कार्यक्रम आज

**विदिशा।** मप्र पुलिस में आरक्षक (बैंड) भर्ती वर्ष 2026 के तहत 679 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। 5 से 19 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। युवाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से 7वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल भोपाल का पुलिस बैंड दल आज सुबह 11:30 बजे विवेकानंद चौराह पर प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहेंगे।

#### 11 अप्रैल को मुशायरा एवं ईद मिलन समारोह

**विदिशा।** आगामी 11 अप्रैल शनिवार रात 8 बजे से स्थानीय जय कॉम्प्लेक्स बड़ी बज़रिया में अखिल भारतीय मुशायरा, कवि सम्मेलन, ईद मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शास्वत मंच, कारवां-ए-मुहब्बत, हिंदी उर्दू ऑल इंडिया ट्रस्ट एवं अंजुमन फ़रोग़-ए-अदब के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब अल्हाज बाबाजी, बेंगलूर करेंगे। देशभर से ख्यातनाम शायर एवं कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे, जिनमें अरशद जमाल टांडवी, मनोज शाश्वत, अख़्तर इलाहाबादी, वसीम झिंझानवी, इंजी. फ़रीद आलम क़ादरी, मोहतरमा सबीहा सदफ़ सहित स्थानीय कवि-शायर शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन निसार मालवी, चांद ख़ां चांद एवं सचिव उदय ढोली ने साहित्य प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

#### शमशाबाद में 2 नए कोटवार पद स्वीकृत

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने जनसुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील शमशाबाद के ग्राम महुठा एवं अमरपुरा में एक-एक नवीन कोटवार पद सृजित करने की अनुमति दी है। कुल दो पदों की स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं और सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण सुनिश्चित होगा। कोटवार प्रशासन और ग्रामीणों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन सतत प्रयास कर रहा है।

### टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों की रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला, वरिष्ठता बहाली और टीईटी परीक्षा के विरोध में भरी हुंकार

> वरिष्ठता की गणना वर्ष 1998 से की जाए तथा सभी न्यायोचित मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को जिले भर के शिक्षक गांधी प्रतिमा, नीमताल पर एकत्रित हुए और टीईटी परीक्षा के विरोध में सांकेतिक धरना दिया। इसके पश्चात शिक्षकों ने रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक प्रकरण के संदर्भ में दिए गए निर्णय के अनुसार वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय का प्रदेशभर में शिक्षक विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले 20 से 25 वर्षों से शिक्षा विभाग में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में सेवा के अंतिम चरण में नई परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि जब किसी भी विभाग में भर्ती की जाती है तो उसकी सेवा शर्तें पूर्व निर्धारित होती हैं। वर्षों बाद सेवा शर्तों में बदलाव विधिसंगत नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट दिलाने की मांग की। शिक्षकों ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2018 में नए कैडर में उनके विलय के कारण उनकी पूर्व वरिष्ठता समाप्त हो गई, जिससे पेंशन सहित अन्य लाभ प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि यदि पदोन्नति और क्रमोन्नति वर्ष 1998 से दी जा रही है, तो वरिष्ठता की गणना भी उसी वर्ष से की जानी चाहिए, न कि 2018 से।




विदिशा। टीईटी परीक्षा के विरोध में ज्ञापन सौंपने के लिए रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए शिक्षक।

#### मांगः वरिष्ठता और न्यायोचित लाभ मिले

संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन द्वारा समय-समय पर शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया है। पहले शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक और अध्यापक जैसे विभिन्न पदनामों में उलझाए रखा गया और अब वरिष्ठता शून्य कर दी गई है। यह शिक्षकों के साथ अन्याय है। जिला अध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी ने मांग की कि वरिष्ठता की गणना वर्ष 1998 से की जाए तथा सभी न्यायोचित लाभ प्रदान किए जाएं। मोर्चा के चंद्रभूषण किरार और केजी राय ने भी शासन से शीघ्र न्याय की अपेक्षा जताई। सौदान सिंह ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर टीईटी परीक्षा से मुक्ति दिलाने की मांग की। रैली में राजेश दीक्षित, लोकेश श्रीवास्तव, केशव रघुवंशी, विनय सक्सेना, अमर सिंह तोमर, सुनील रघुवंशी और विजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने वार्ता में लगाए आरोप

## सिंधिया हुए असफलः तभी तो एसएटीआई की ग्रांट रुक गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



एसएटीआई पॉलीटेक्निक में 7 माह से वेतन नहीं मिल रहा है और अब परेशान होकर कॉलेज के 120 कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

कारण साफ है कि पॉलीटेक्निक को मिलने वाली शासकीय ग्रांट प्रदेश सरकार ने रोक दी है। इसका मतलब साफ है कि एसएटीआई कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया पूरी तरह असफल हो गए हैं। यह बात पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने ग्रांट जारी नहीं की तो वे इसे जन आंदोलन बनाएंगे और किसी भी कीमत पर एसएटीआई को बर्बाद नहीं होने देंगे। पूर्व सांसद श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि एसएटीआई में गड़बड़ियां चल रही हैं। सरकार ने मूहं मोड़ लिया और लगता है कि सिंधिया की अब कोई रुचि नहीं बची है। एसएटीआई कॉलेज विदिशा की धरोहर है और मेरे कार्यकाल में यह कॉलेज टॉप पांच में शामिल था। लेकिन अब इसे जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। छात्र संख्या घटकर आधी रह गई है और नौकरियां देने वाली कंपनियां भी अब कॉलेज में नहीं आ रहीं हैं।

#### 60 लाख प्रतिमाह खर्च, 7 करोड़ की ग्रांट चाहिए

एसएटीआई कॉलेज के संचालन में प्रति माह 60 लाख खर्च होता है। 7 करोड़ की ग्रांट मिलना चाहिए। लेकिन जो मिल रही थी वह भी प्राप्त नहीं हो रही। पूर्व सांसद श्री शर्मा ने बताया कि कॉलेज एआईसीटीई के नियमों द्वारा ग्रांट एंड एड से संचालित होता है। कॉलेज शुरु हुआ था तब राज्य सरकार ने शपथपत्र देकर केंद्र को अवगत कराया था कि राज्य सरकार ग्रांट देती रहेगी। कॉलेज संचालन का खर्च छात्रों की फीस पर नहीं लादा जाएगा। उन्होंने कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मार्च 2025 में मुख्यमंत्री ने छात्रावास और आवासीय परिसरों की मरम्मत के लिए 6 करोड़ आवंटित किए थे। अकेले प्राचार्य के बंगले की रिनोवेशन पर ही 20 लाख बर्बाद कर दिए गए हैं। उन्होंने कॉन्करंट आडिट की मांग रखी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी मौजूद रहे।

## विवाह में फायरिंग करने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त

### कलेक्टर ने 12 बोर बंदूक जब्त करने के निर्देश दिए

> शादी में फायरिंग के दौरान 5-6 लोग हो गए थे घायल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने एक प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए लाइसेंसी अरविंद सिंह गुर्जर पिता बृजमोहन सिंह गुर्जर, निवासी ग्राम बरमड़ी थाना त्योंदा का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रायसेन की अनुशंसा पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को रायसेन में एक विवाह समारोह के दौरान संबंधित लाइसेंसी द्वारा फायरिंग की गई थी, जिससे 5-6 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के संबंध में थाना कोतवाली रायसेन में अपराध दर्ज किया गया। कलेक्टर ने आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 एवं आयुध नियमावली 1962 के प्रावधानों के तहत यह निर्णय लेते हुए संबंधित 12 बोर दो नाल बंदूक का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक रायसेन को उक्त शस्त्र जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### भुगतान समाधान शिविर से पेंशनर्स और शिक्षकों को मिलेगी राहत

**विदिशा।** शिक्षा विभाग से संबंधित लंबित भुगतान एवं देयकों के निराकरण के लिए समाधान शिविर 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से डाइट में लगाया जाएगा। शिविर में जिले के सभी विकासखंडों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संबंधित कार्यालयों के अधिकारी तथा संकुल स्तर के लिपिकीय कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिविर का उद्देश्य पेंशनर्स के लंबित स्वत्वों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के एरियर और अन्य देयकों से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना है। उपस्थित हितग्राहियों की समस्याओं की मौके पर ही समीक्षा कर समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, ताकि समयबद्ध राहत मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित पेंशनर्स, शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे शिविर में अपने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराएं।

## अपर कलेक्टर ने चना, मसूर और गेहूं खरीदी व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पारदर्शिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जिले में रबी उपार्जन कार्यों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया तथा उपयुक्त सहकारिता ध्रुव कुमार झारिया भी मौजूद रहे।

अपर कलेक्टर ने सबसे पहले विपणन सहकारी समिति बासौदा द्वारा संचालित जीवाजीपुर स्थित चना एवं मसूर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां तौल व्यवस्था, किसानों के पंजीयन, भंडारण और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पठारी रोड स्थित मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन परिसर में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। यहां बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ककरावदा एवं उदयपुर द्वारा संचालित केंद्रों पर पेयजल, छाया सहित किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया। श्री डामोर ने निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से संचालित हो, किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा समय पर तौल और भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

#### तार फेंसिंग में करंट फैलाना गैर कानूनी

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक ने अवगत कराया गया है कि विदिशा जिले में किसानों द्वारा अपने खेत में बोई गई फसलों को पालतू व जंगली जानवरों से बचाने हेतु झटका मशीन या अन्य माध्यमों से करंट छोड़ा जा रहा है, जिससे जनजीवन व पशुओं की मृत्यु की सूचना प्राप्त हो रही हैं। इस तरह तार फेंसिंग में करंट फैलाकर जान माल को खतरे में डालना गैर कानूनी व दंडनीय अपराध है। तार फेंसिंग में करंट फैलाने से नियंत्रित करने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या आवेदन प्रस्तुत करना हो अथवा मौखिक रूप से अपना पक्ष या विचार प्रस्तुत करना हो तो वह 30 अप्रैल तक कलेक्टर न्यायालय विदिशा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नटेरन, सिरोंज और लटेरी में जल संरचनाएं विकसित की जा रहीं

## जलगंगा संवर्धन अभियान में तेजीः जिले में पंचायतों द्वारा 4722 कार्य पूर्ण, जल संरक्षण को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले में संचालित जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के विभिन्न कार्यों में प्रगति दर्ज की गई है।

अभियान के तहत नवीन खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज तथा अन्य जलसंरक्षण कार्यों के माध्यम से जलस्तर सुधारने और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने बताया है कि जिले के सभी सातों जनपदों में कुल 4722 कार्य स्वीकृत एवं प्रगतिरत हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। खेत तालाब के अंतर्गत कुल 2053 कार्यों में से 1043 पूर्ण तथा 1010 प्रगतिरत हैं। डगवेल रिचार्ज के अंतर्गत 1738 कार्यों में 1045 पूर्ण एवं 693 प्रगतिरत हैं। जलसंरक्षण के अन्य कार्यों में कुल 931 कार्यों में 375 पूर्ण तथा 556 प्रगतिरत हैं।

जनपदवार प्रगति की बात करें तो नटेरन, सिरोंज और लटेरी क्षेत्रों में कार्यों की संख्या और गति उल्लेखनीय रही है, जहां बड़ी संख्या में जल संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से न केवल भू-जल स्तर में सुधार की उम्मीद है, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी संसाधन भी उपलब्ध होंगे। प्रशासन द्वारा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जो आने वाले समय में कृषि और पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।




WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5725
धनिया
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7240
चना
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5531
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-8840
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4572
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-3060
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3166
इमली
न्यूनतम भाव-3520
उच्चतम भाव-3520
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-12300
धान
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3950
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4445
मक्का
न्यूनतम भाव-1425
उच्चतम भाव-1550

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 36295 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** नगर में एक माह से विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के नगर में बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### 09 से 23 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन होगा

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 9 से 23 अप्रैल तक दो सप्ताह का पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास और 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। परियोजना अधिकारी विजय कुमार जैन ने बताया कार्यक्रम में परिवार ओर समुदाय की भूमिका को मजबूत करने, स्क्रीन टाइम कम और सशक्त आंगनबाड़ी निर्माण जैसे विषयों पर गतिविधियां होंगी। पखवाड़े को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए रैलियां, पोषण पर चर्चा, दादी-नानी की जुबानी कार्यक्रम और खिलौना निर्माण कार्यशालाएं की जाएगी।

### विदिशा एवं बासौदा के अधिकारियों के संयुक्त दल ने की कार्रवाई

# जांच दल ने जब्त किया 465 किलो मावा, दो मेडिकल स्टोर किए सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को विदिशा से आए राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के आला अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर नगर में दुकान, होटल, मेडीकल स्टोर की औचक जांच एवं कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई से नगर के व्यापारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने एक दुकान से 4 क्विंटल से अधिक मावा जब्त किया और उसके नमूने लिए। वहीं दो मेडीकल स्टोर को बंद कराते हुए उनके प्रकरण तैयार किए गए।





प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर अनिल कचनारे, सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना, एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अरविंद यादव, बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी, ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुरैशिया खान, संदीप वर्मा, किरण श्रीवास्तव, अस्पताल प्रभारी डॉ रविन्द्र चिढार, पटवारी कुलदीप तिवारी, शैलेन्द्र साध एवं अन्य अमले के साथ अधिकारियों ने औचक जांच एवं कार्रवाई की।

इस दौरान जांच टीम को फ्रीगंज इलाके में मुरैना मावा भंडार किशन लाल महेश्वरी के घर से दो बड़े फ्रीजर में बडी मात्रा में मावा, 34 बॉक्स आइस्क्रीम, 50 बड़ी बॉटल मिरिंडा सहित अन्य सामग्री रखी मिली। खाद्य अधिकारी एडलिन ई पन्ना ने बताया कि घर से लगभग 4 क्विंटल 65 किलो मावा मिला है, जिसे जब्त किया गया है। मावा खाने लायक है या नहीं, इसकी जांच के लिए नमूने लेकर लैब भेजे गए हैं। इसके अलावा ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण जॉन ने जवाहर रोड पर दवा की दुकानों की जांच की, जहां राधे मेडिकल पर दुकान चलाने का लाइसेंस तो था, लायसेंस धारक मौके पर नहीं मिला। इस लापरवाही पर दुकान को तुरंत बंद करा दिया गया। आजाद मेडिकल पर थोक होलसेल का लाइसेंस था, लेकिन वहां से फुटकर में दवाइयां बेची जा रही थीं। नियम तोड़ने पर इस दुकान को भी बंद कर दिया गया। वहीं प्रशासन की टीम ने मारवाड़ी होटल की भी जांच की। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों मेडिकल स्टोरों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और अब उन पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**इनका कहना है...**

*जांच दल को एक दुकानदार के घर से बडी मात्रा में मावा मिला है, जिसके सैंपल लिए गए हैं। साथ ही दो मेडीकल स्टोर नियमानुसार संचालित नहीं हो रहे थे, जिन्हें बंद कराते हुए जांच एवं कार्रवाई की जा रही है।*

**अनुभा जैन**
**एसडीएम गंजबासौदा**

# चीफ इंजीनियर ने किया स्थानीय रेल्वे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 33 करोड़ की लागत से स्थानीय रेलवे स्टेशन का निर्माण पूरा हो चुका है लेकिन तकनीकी खामियों के चलते फुट ओवर ब्रिज का निर्माण धीमी गति से हो रहा है। बुधवार को इसका निरीक्षण करने आए पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष ने स्टेशन और फुट ब्रिज का निरीक्षण किया। फुट ब्रिज में निर्माण हो रही देरी के चलते उन्होंने रेलवे के अधिकारियों सहित ठेकेदार को फटकार लगाई और जल्द से जल्द फुट ओवर ब्रिज निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने निरीक्षण के दौरान कई खामियां भी देखीं जिन्हें तत्काल दूर करने के लिए निर्देशित भी किया गया है। उनके साथ रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी साथ थे। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहले ही हो चुका है, लेकिन फुट ओवर ब्रिज के चलते इसका उद्घाटन अभी तक अटका हुआ है। इसके चलते रेलवे बोर्ड द्वारा लगातार काम पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसके चलते अधिकारी निरीक्षण के साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे रहे हैं। जबलपुर से आए रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता आषुतोष ने विदिशा के आईओडल्लू विभाग से जुड़े रेलवे के एक अधिकारी के निलंबन की सिफारिश भी की है। नवीन ओवर ब्रिज का निर्माण पुराने ब्रिज से जोड़कर ही किया जा रहा है। जिसके चलते तकनीकी खामियों के कारण विलंब की स्थिति निर्मित हो रही है। ओवर ब्रिज का काम पिछले दो वर्ष से अटका हुआ था। कुछ समय पहले काम तो शुरू हुआ लेकिन तकनीकी अडचनो के चलते धीमी गति से काम चल रहा है। नए फुट ब्रिज के निर्माण के बाद यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में पहले की तुलना में अधिक सुविधा मिलेगी। वर्तमान में रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 8 हजार यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में निर्माण के दौरान यात्रियों को असुविधा न हो, इस का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### प्रदीप राजौरिया भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सागर से प्रदीप राजौरिया को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। राजौरिया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से द्वितीय वर्ष शिक्षित हैं और भाजपा में लगभग तीन दशक से सक्रिय भूमिका में विभिन्न दायित्वों पर रहकर कार्य करते आ रहे हैं। राजौरिया लगभग बीस साल से भाजपा मीडिया विभाग में सफलतापूर्वक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। राजौरिया की संगठन क्षमता एवं मीडिया प्रबंधन की कुशलता को देखते हुए, भाजपा प्रदेश संगठन ने उन्हें भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाकर विश्वास जताया है। नवनियुक्त प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजौरिया ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कर कहा कि संगठन की इस जिम्मेदारी को मैं पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाऊंगा।

### धर्मनिष्ठ शिक्षाविद् और विधि जगत के प्रेरणास्रोत एडवोकेट राजेन्द्र कुमार जैन का 94 वर्ष की आयु में निधन



**गंजबासौदा।** एलबीएस लॉ कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष रहे सवाई सेठ एडवोकेट राजेन्द्र कुमार जैन का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे। मालूम हो कि स्वर्गीय राजेन्द्र जैन ने उस समय नगर में विधि के क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई, जब इसकी कल्पना भी कठिन थी। बासौदा शिक्षा समिति के माध्यम से एलबीएस लॉ कॉलेज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उन्होंने न केवल शहर को कानून शिक्षा की सौगात दी, बल्कि स्वयं लॉ प्रोफेसर के रूप में पीढ़ियों को दिशा भी दी। उनके सानिध्य में पढ़े विद्यार्थी आज देश के उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिष्ठित पदों पर सेवाएं दे रहे हैं, जो उनके ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों की जीवंत विरासत हैं।वे केवल शिक्षाविद् ही नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में धर्मालु और आध्यात्मिक व्यक्तित्व भी थे। तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय, धूसरपुरा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने वर्षों तक धर्म सेवा की और समाज को आध्यात्मिक चेतना से जोड़े रखा। उनका जीवन सादगी, संयम और सेवा का प्रतिरूप था।उनकी सबसे बड़ी पहचान उनका सरल, विनम्र और मिलनसार स्वभाव रहा। वे हर व्यक्ति से आत्मीयता से मिलते थे, चाहे वह विद्यार्थी हो, अधिवक्ता या आमजन। उनकी वाणी में मधुरता और व्यवहार में अपनापन था, जो हर किसी के दिल में उनके लिए विशेष स्थान बना देता था। बुधवार को जब उनकी अंतिम यात्रा सावकर चौक स्थित निवास से निकली, तो शहर ने नम आंखों के बीच विदाई दी। पाराशरी मुक्तिधाम में उनके जेष्ठ पुत्र आलोक कुमार जैन, परेश कुमार जैन सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने मुखाग्नि दी जहां उनका शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। एडवोकेट स्वर्गीय जैन की अंतिम यात्रा में नगर के प्रबुद्धजन, अधिवक्ता, समाजसेवी और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एडवोकेट राजेन्द्र कुमार जैन का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। वे भले ही इस संसार से विदा हो गए हों, लेकिन उनके द्वारा बोए गए शिक्षा, संस्कार और धर्म के बीज सदैव फलते-फूलते रहेंगे।

# तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को त्योंदा अस्पताल के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार ओमप्रकाश शर्मा निवासी शिवपुरी निवासी को कंधे एवं पैर में गंभीर चोट लग गई। घायल को उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि तेज रफ्तार डंपरों की शिकायत को लेकर पहले भी ग्रामीण तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को अवगत करा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आए दिन तेज रफ्तार डंपरों से कई हादसे हो रहे हैं लेकिन हादसों के बावजूद अधिकारी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# एनटीएफ के तहत कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं अन्य स्टॉफ ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया। पीयर सपोर्ट मीटिंग ग्रुप में छात्राओं ने छोटे समूहों में एक-दूसरे के साथ शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत चुनौतियों पर चर्चा की। छात्राओं ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और सामाजिक विषयों पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किए। व्यक्ता सीवली अहिरवार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर सत्र लिया गया, तनाव प्रबंधन विषय को विस्तृत रुप से समझाया एवं मिनी गेम्स और टीम एक्टिविटी के माध्यम से तनाव से रिलेक्सेशन व प्रबंधन को भी समझाया। मनीष सेन सहायक प्राध्यापक द्वारा छात्राओं को उपलब्ध डिजिटल सुरक्षा टूल्स और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। नोडल ऑफिसर डॉ. अपेक्षा बाजपेयी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रद्न्या करंदीकर द्वारा किया गया।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम पंचायत ककरावदा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए भरण पोषण, बाल विवाह निषेध अधिनियम, माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, मध्यस्थता, लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में कशिश जैन अधिवक्ता, पीएलवी सुनील राजपूत, हेमराज सिंह सोलंकी, आरती कुशवाह, सरपंच सरिता रघुवंशी, सचिव हरगोविंद, शिक्षिका नमिता राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी में बैठक का आयोजन हुआ



**गंज बासौदा।** बुधवार को एसडीएम अनुभा जैन ने कृषि उपज मंडी गल्ला व्यापारियों की बैठक आयोजित की। जिसमें कृषि उपज मंडी में हम्मालों द्वारा 100 किग्रा की जगह 50 किग्रा बारदाने में तुलाई की बात रखी, एसडीएम ने गल्ला व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों का बीमा कराने एवं बायरिंग आदि दुरुस्त करने तथा फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने की बात कही। इस दौरान कृषि उपज मंडी समिति सचिव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, गल्ला व्यापारी हम्माल मौजूद रहे। आधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर अमल करने आगामी 15 दिवस का समय मांगा जिसको लेकर मंडी व्यापारी बैठक कर विचार विमर्श करेंगे।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केन्द्र पर हुआ आयोजन

# रतन मोहिनी दादी का प्रथम स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी का प्रथम स्मृति दिवस विश्व एकता दिवस के रूप में मनाया गया। दादी को स्मरण करते हुए ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि दादी रतनमोहिनी 26 साल की युवावस्था में पहली बार ब्रह्मा बाबा के साथ माउंट आबू आईं थीं। विश्व सेवा और युवाओं को सद्मार्ग पर लाने की ऐसी धुन लगी कि सदा के लिए यहीं की होकर रह गईं। दादी ने अपना पूरा जीवन युवा सशक्तिकरण, युग जागृति में लगा दिया। युवाओं से विशेष प्रेम, स्नेह के चलते आपको सभी युवाओं की दादी कहकर पुकारते थे। दादी में बचपन से ही भक्तिभाव के संस्कार थे। वह छोटी उम्र में ही खेलने-कूदने की जगह ध्यान में अपना वक्त बिताती थीं। पढ़ाई में होशियार होने के साथ धीर-गंभीर स्वभाव रहा। दादी जब मात्र 34 साल की थीं तो जापान में आयोजित विश्व शांति सम्मेलन में दादी प्रकाशमणि के साथ ब्रह्माकुमारी का प्रतिनिधित्व किया था। जब आपने सम्मेलन में अपना उद्बोधन देना शुरू किया और भारतीय संस्कृति की महिमा बताई तो चारों ओर सन्नाटा छा गया। इतनी कम उम्र में आध्यात्मिक गहराई की बातें सुनकर वहां मौजूद विद्वान अचंभित रह गए। इस दौरान एक साल तक एशियाई देशों में अध्यात्म और योग का परचम लहराया। रतन मोहिनी का जीवन आध्यात्मिक ऊर्जा से संपन्न लाखों लोगों के लिए योग की मिसाल था। दादी ने अपने तपस्यामय जीवन, आदर्श, मूल्यों और शिक्षाओं से लाखों लोगों के जीवन में नई दिशा दी है। लाखों युवाओं को नई राह दिखाई है। दादी को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जैसे एक जौहरी को अपने रत्नों से ऊंचा कुछ और प्रिय नहीं होता है और वह उन्हें देखकर अपार आनंद का अनुभव करता है, वैसे ही जौहरी परमपिता परमात्मा शिव को भी अपने अद्वितीय रत्न दादी रत्न मोहिनी को देखकर परम सुख की अनुभूति होती थी। दादी ने सदा ज्ञान रत्नों से दर्पण बनवाए और उन्हें दिव्य एवं सुसंस्कारों से परिपूर्ण बनाया। शिक्षक प्रशिक्षण की मुख्य संचालिका के रूप में आपने हजारों ब्रह्माकुमारी कन्याओं को शिक्षक के रूप में तैयार किया है जो आज यज्ञ की अनमोल चमत्कारी के रूप में विश्वभर में अध्यात्मिकता की अलख जगा रही हैं। साथ ही विदेश सेवा की शुरुआत में भी आप निमित्त बनीं,जिससे परमात्म ज्ञान की किरणें सात समंदर पार तक पहुंचीं। जिस प्रकार सूर्य की एक किरण पृथ्वी पर विराजमान है, उसी प्रकार परमात्म ज्ञान सूर्य की एक किरण बनी है दादी रतन मोहिनी ने ब्रह्माकुमारी की लाखों आवाज़ों में आत्मा की ज्योति जगाई और उनके जीवन को दिव्यता से संवारा है। दादी ने सदा परमात्मा के इस वृहद यज्ञ को आपने अथाह सुख, सेवा-भावना और उमंग-उत्साह से सींचा। हम सदा आपकी दी हुई शिक्षाओं को याद रखेंगे।



# स्टेशन की शराब दुकान हटाने धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेल्वे स्टेशन के पास एवं श्री राम जानकी मंदिर के सामने संचालित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर 9 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना दे रहे युवाओं ने बताया कि मंदिर के ठीक सामने शराब की दुकान संचालित होने से क्षेत्र का वातावरण अत्यंत अशोभनीय एवं असामाजिक हो गया है। कई बार नशे में धुत लोगों द्वारा शांति भंग करने, अभद्र व्यवहार करने तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होने की घटनाएं सामने आई हैं। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और समाज में भी नकारात्मक संदेश जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाया जाए। पंचतत्व संरक्षण समिति के सदस्यों ने की शराब दुकान बंद करने का समर्थन दिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, सचिव प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ सदस्य एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, राजेंद्र ब्यास, शैलेन्द्र यादव, बबलू सैनी उपस्थित रहे। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया और कहा कि मंदिर के सामने शराब दुकान का होना पूरी तरह अनुचित है, इसे शीघ्र हटाया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जसवंत सिंह राजपूत, ऋषिकांत माथुर, मोहित तिवारी, नंदकिशोर वर्मा, लखन गुर्जर, प्रशांत शर्मा, नीरज शर्मा, सुमित शर्मा, अखिलेश तिवारी, मनीष सेन, जगदीश कुशवाहा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, दीपक, भगवती शर्मा, प्रिंस जैन, गोलू सेन, गजराज राय, प्रेम नारायण सिंह, दीपक तिवारी, अभिषेक ठाकुर, रवि रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, गुलशन सेन सहित अनेक युवा उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि शराब दुकान व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि दुकान हटाने को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं लेकिन आज तक दुकान को नहीं हटाया जा सका है।



## ग्राम जैतपुर में मुनिश्री के सान्निध्य में ध्यान-साधना सत्र का आयोजन

# ध्यान से मन होता है शांत, सकारात्मक विचार और जीवन में स्थिरताः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम जैतपुर में उस समय भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ससंघ ग्राम में पधारे। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया और ग्रामवासियों में विशेष उत्साह का संचार हुआ। प्रातःकालीन समय में मुनि श्री के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में युवा एवं श्रद्धालु सिद्ध बाबा दूध धारा फटीदान्त पहुंचे, जहां सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन-पूजन किया। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस पावन स्थल पर पहुंचकर युवाओं ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इसके पश्चात मुनि श्री के सान्निध्य में ध्यान-साधना (मेडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया।

नियमित ध्यान करने से शांत होता है मन - इस दौरान मुनि श्री ने उपस्थित युवाओं एवं श्रद्धालुओं को मन को एकाग्र करने, आत्मचिंतन करने तथा आंतरिक शांति प्राप्त करने के सरल एवं प्रभावी तरीके बताए। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान करने से मन शांत होता है, विचार सकारात्मक बनते हैं और जीवन में संतुलन एवं स्थिरता आती है। ध्यान के इस सत्र में सभी ने गहरी एकाग्रता के साथ भाग लिया और एक दिव्य शांति का अनुभव किया। वही दोपहर के समय मुनि श्री के सान्निध्य में युवाओं के साथ धार्मिक चर्चा एवं मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने वर्तमान समय में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश



डाला। उन्होंने कहा कि युवा ही समाज का भविष्य हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो राष्ट्र एवं समाज का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सकता है।

एकलव्य की कथा का विस्तारपूर्वक किया वर्णन - वही शाम के समय आयोजित भव्य प्रवचन कार्यक्रम में पूज्य मुनि श्री ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने एकलव्य की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एकलव्य ने बिना प्रत्यक्ष गुरु के भी अपने दृढ़ संकल्प, समर्पण और अटूट गुरु भक्ति के बल पर महान धनुर्धर बनने का लक्ष्य प्राप्त किया। मुनि श्री ने इस कथा के माध्यम से युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और गुरुजनों के प्रति सम्मान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के युग में भटकाव के अनेक साधन हैं, ऐसे में युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, युवा, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने मुनि श्री के प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला। अंत में ग्रामवासियों द्वारा मुनि श्री का आभार व्यक्त किया गया और उनके उज्ज्वल मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी एक सशक्त माध्यम बना। ग्राम जैतपुर में आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा, जिसने उन्हें ध्यान, संस्कार, अनुशासन और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ने की नई दिशा प्रदान की।



# नारी शक्ति का गौरवः श्वेता आनंद त्यागी के प्रथम नगर आगमन पर केडीबीएम परिवार का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रुद्र सेना की महिला इकाई रुद्र शक्तिह्व की नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता आनंद त्यागी के प्रथम नगर आगमन पर केडीबीएम परिवार द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। यह अवसर पूरे नगर के लिए गौरव और उत्साह का केंद्र बन गया। नगर आगमन पर केडीबीएम परिवार, विद्यार्थियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमालाओं, पुष्पवर्षा एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया। ह्लजय श्री रामह्व एवं ह्लभारत माता की जयह्व के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक सत्र में श्वेता आनंद त्यागी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रुद्र शक्ति केवल एक संगठन नहीं, बल्कि नारी शक्ति के जागरण, सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं संस्कारवान बनने का संदेश देते हुए समाज में उनकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहना चाहिए, तभी एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। उनके प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित सभी जनों, विशेष रूप से छात्राओं और युवाओं को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रदेशों से भी उन्हें लगातार शुभकामना संदेश प्राप्त हो रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनके नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक समर्थन और सम्मान मिल रहा है। केडीबीएम परिवार द्वारा उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में ह्लरुद्र शक्तिह्व संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और यह विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में नारी शक्ति और अधिक सशक्त होकर समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्वेता आनंद त्यागी का प्रथम नगर आगमन न केवल स्वागत समारोह रहा, बल्कि नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रेरणादायक संदेश बनकर उभरा।

# जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 को होगा

**लक्ष्य कम होने के काफी गरीब, असाहय परिवार योजना के लाभ से वंचित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन



का आयोजन सिरोंज जनपद में 19 अप्रैल को किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत सिरोंज को आयोजनकर्ता नियुक्त किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र वर-वधुओं को विवाह/निकाह के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान किया जाता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए थें। ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकें। विवाह/निकाह हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 14 अप्रैल तक सभी संबंधित निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों की पात्रता का परीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजनांतर्गत आवेदनों की संख्या 200 से अधिक बढ़ाये जाने की मांग को लेकर वार्ड क्रमाक 12 जनपद सदस्य आफरीन अतीक मंसूरी ने कलेक्टर विदिशा को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजनांतर्गत जिला स्तरीय सामुहिक विवाह व निकाह सम्मेलन का आयोजन जनपद पंचायत सिरोंज द्वारा 19 अप्रैल को सिरोंज में होना निर्धारित है। जिसमें पूरे विदिशा जिले की समस्त जनपद पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्र के जोड़े सम्मिलित हैं, विवाह-निकाह हेतु 200 जोड़ो का लक्ष्य निर्धारित है, जबकि विदिशा जिला बहुत बड़ा है जिसमें 577 ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं, इस हिसाब से 200 जोड़ो की संख्या बहुत कम है। लक्ष्य कम होने के कारण बहुत सारे गरीब, असाहय परिवार योजना के लाभ से वंचित रह रहे हैं। यह परिवार बहुत समय से सम्मलेन का इंतजार कर रहे थे व विवाह-निकाह की दिनांक निर्धारित होने पर यह परिवार वर-वधु के फॉर्म जमा करने हेतु कागजी कार्यवाही पूर्ण करने मे लगे हुऐ थे, किन्तु विवाह-निकाह के आवेदनों का लक्ष्य 200 06 अप्रैल को ही पूर्ण हो जाने से उनके आवेदन सम्मेलन मे सम्मिलित न होने से महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा।

## सिरोंज-लटेरी विस को प्रदेश में मिला पहला स्थान

# भाजपा स्थापना दिवस की रिपोर्टिंग के मामले में मध्यप्रदेश में अव्वल रहा 147वां विधानसभा क्षेत्र

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग में 147, सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र ने समूचे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व, उत्साह और प्रेरणा का विषय बन गई है। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 5 मंडलों में कुल 279 बूथ केंद्र शामिल हैं, जिनमें से 239 बूथ केंद्रों पर कार्यक्रमों की विधिवत रिपोर्टिंग की गई। विशेष रूप से 238 बूथ केंद्रों पर भव्य रूप से ध्वजवंदन कार्यक्रम सम्पन्न हुए, इसके साथ ही 817 फोटो पार्टी के अधिकृत पोर्टल पर अपलोड किए गए, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक हैं।

यह आंकड़े न केवल संगठन की सक्रियता को दर्शाते हैं, बल्कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की



मजबूत उपस्थिति और जागरूकता को भी सिद्ध करते हैं।

संगठनात्मक एकजुटता का परिणाम - यह अभूतपूर्व सफलता क्षेत्र में मजबूत संगठनात्मक संरचना, समन्वय और सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी का परिणाम है। पांचों मंडलों में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिससे यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हो सकी। वही विधायक उमाकांत शर्मा की सक्रिय कार्यशैली, सुदृढ़ संगठनात्मक दृष्टिकोण एवं क्षेत्र में उनकी निरंतर सक्रियता के परिणामस्वरूप सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र को मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निरंतर संपर्क, संवाद और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय का ही प्रभाव है कि क्षेत्र ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह गौरवशाली उपलब्धि क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं, मंडल अध्यक्ष, त्रिदेव, सक्रिय सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा माता-बहनों के अथक परिश्रम, संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का जीवंत उदाहरण है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ए-33 मुखर्जी नगर सेवा केंद्र द्वारा साईं कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच ही श्रेष्ठ जीवन की नींव है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन, पौष्टिक आहार और नशा मुक्ति को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताया। ब्रह्मकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की संपूर्ण अवस्था माना है। उन्होंने तनाव, अवसाद और नशे से दूर रहकर संतुलित आहार व आध्यात्मिकता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में "स्वस्थ भारत–श्रेष्ठ भारत" का संकल्प लिया गया।

# ग्यारसपुर में स्कूलों से गायब बच्चे, शिक्षकों को घर-घर जाकर करनी पड़ रही मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के बावजूद जनपद शिक्षा केंद्र ग्यारसपुर के अंतर्गत आने वाले संकुल हैदरगढ़ और धामनोद क्षेत्र के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

स्थिति यह है कि दर्ज संख्या के मुकाबले महज 20 से 25 प्रतिशत बच्चे ही स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एकीकृत माध्यमिक शाला कोलुआ धामनोद में सुबह 8 बजे शिक्षक तो मौजूद मिले, लेकिन 62 दर्ज छात्रों में से एक भी छात्र उपस्थित नहीं था। वहीं हाई स्कूल खिरिया जागीर में भी 103 दर्ज छात्रों के बावजूद सुबह के समय एक भी छात्र नहीं मिला, जबकि पांच शिक्षक मौके पर मौजूद थे। इस स्कूल में पानी की गंभीर समस्या भी सामने आई है, जहां साल के अधिकांश समय पेयजल के लिए परेशानी बनी रहती है।धामनोद हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थिति भी कुछ अलग नहीं रही। यहां 327 छात्रों का नामांकन है, जो 8 से 10 किलोमीटर दूर से पढ़ने आते हैं,



लेकिन मौके पर केवल 8 से 10 छात्र ही उपस्थित मिले। स्कूल में 17 शिक्षकों में से केवल एक नियमित और बाकी अतिथि शिक्षक हैं।हालांकि कुछ स्कूलों ने बेहतर उदाहरण भी पेश किया है। रामपुरी खिरिया जागीर और सिंदुरिया प्राइमरी शाला में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। शिक्षकों का कहना है कि घर-घर संपर्क और अभिभावकों से संवाद ही बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रभावी तरीका है।शिक्षकों के अनुसार, परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चे छुट्टी मान बैठे हैं, और स्कूल आने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। लगातार समझाइश और संपर्क से ही स्थिति में सुधार संभव है।

इस संबंध में जब बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है उन स्कूलों के साला प्रभारी को निर्देश दिए जाएंगे कि वह सभी बच्चों के पालको के घर जाकर संपर्क करें और स्कूल में छात्र संख्या अधिक से अधिक उपस्थित हो इसके लिए कार्य करें ।

# मंदिर मार्ग जर्जरः 3 वर्षों से थेगड़े लगा रहा विभाग

**ऐतिहासिक स्थलों का पहुंच मार्ग जर्जर, श्रद्धालुओं के लिए बन रहा 'सरदर्द'**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर में स्थित माला देवी मंदिर तक पहुंचने वाली सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है।

करीब डेढ़ किमी लंबा यह मार्ग जगह-जगह से टूट चुका है और गड्ढों में तब्दील हो गया है। प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक इस ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग खतरनाक साबित हो रहा है,आए दिन गड्ढों में गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया गांव स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बस्ती के लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं और वर्षों से खराब सड़क के कारण परेशान हैं।

लोक निर्माण विभाग पिछले 3 साल से इस सड़क पर थेगड़े लगाकर काम चला रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रवि प्रकाश चिंडार का कहना है कि सड़क की चौड़ाई लगभग 5 मीटर है और इसकी मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।



## सीआईएसटी कॉलेज में भारतीय संस्कृति व शिक्षा नीति पर हुआ मंथन

**विदिशा।** सीआईएसटी कॉलेज के महावीर अध्ययन केंद्र में बैठक आयोजित की गई ।संस्था प्रमुख एवं जिला विदिशा सेवा भारती प्रमुख आनंद शरण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अध्ययन मंडल के सदस्य देवेंद्र कुशवाह, जितेंद्र वर्मा कोमल ठाकुर, शशि दांगी, अनुका सोनी एवं पलक विश्वकर्मा ने चार माह में आयोजित बैठकों की समीक्षा प्रस्तुत की। उद्बोधन में विनय दीक्षित एवं धीरेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि आज के युवाओं को भारत की गरिमा और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने के लिए भारत को जानना अत्यंत आवश्यक है। हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के गहन अध्ययन से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति और समाज निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। इस दौरान मध्य भारत प्रांत संयोजक धीरेन्द्र चतुर्वेदी, विभाग प्रमुख जनार्दन सिंह चौहान, युवा आयाम प्रमुख राजेश विश्वकर्मा, महिला आयाम डॉ. निशा तिवारी, शोध आयाम डॉ. रमेश ठाकुर एवं प्रचार आयाम शीतल ठाकुर, में महावीर अध्ययन मंडल प्रमुख राहुल विश्वकर्मा सहित अध्ययन मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।



## कम्पार्टमेंट 444-445 में उजड़ा जंगल, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

# उत्तर रेंज में 'हरे सोने' का कत्लेआम! लाखों सागौन के पेड़ों की कटाई, सैकड़ों बीघा वनभूमि पर कब्जे के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरवास

उत्तर रेंज के जंगल, जो कभी सागौन की घनी हरियाली और वन्य जीवन की चहचहाहट से जीवंत थे, आज वीरान नजर आ रहे हैं।

आरोप है कि रेंजर राजेंद्र शहरिया की सह पर लाखों सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर दी गई और सैकड़ों बीघा वनभूमि पर अतिक्रमण कर उसे आबाद किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी पेड़ों की ठंडी छांव और पक्षियों का बसेरा था, वहां अब केवल कटे हुए ठूंठ और सूखी जमीन दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि



**मुरवास।** जंगल में भारी मात्रा में काटी जा रही है सागौन की बेशकीमती लकड़ी।

कम्पार्टमेंट क्रमांक 444 और 445 में बड़े पैमाने पर जंगल साफ किया गया है। यह कोई एक-दो दिन की घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही गतिविधि बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं, जिससे वन संपदा का लगातार नुकसान हो रहा है। उत्तर रेंज में वनों की अवैध कटाई को लेकर जब रेंजर राजेंद्र शायरियां जवाब लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाने से ही किनारा कर लिया। अपना पक्ष न देना पड़े इसलिए वन विभाग के कोई भी अधिकारी पूरे मामले से दूरी बनाए हुए हैं।

### कम्पार्टमेंट 446-447 में भी सागौन का सफाया

इसी तरह कम्पार्टमेंट क्रमांक 446 और 447 में भी सागौन के पेड़ों की व्यापक कटाई के आरोप सामने आए हैं। जहां कभी घना जंगल था, वहां अब उजड़ा हुआ मैदान नजर आता है। डिप्टी नाकेदार पर बीघा के हिसाब से कमीशन लेने और वनभूमि को कब्जे में दिलाने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। वन क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से न केवल पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास भी खतरे में पड़ गया है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में जंगलों की इस तरह लूट न हो सके।

## पुलिस ने हत्या के 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया

**लटेरी।** लटेरी थाना पुलिस ने गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हत्या के मामले में डेढ़ वर्ष से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार 21 नवंबर 2024 को ग्राम मलनिया निवासी अब्दुल कदीर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सिद्दिक खां के साथ खेत जाते समय रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपियों ने पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों व भालों से हमला कर दिया। मुजीम खां ने सिद्दिक खां पर भाला से जानलेवा वार किया, जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में फरार चल रहे आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# लक्ष्मीकांत की स्मृति में काव्य गोष्ठी का किया गया आयोजन




**विदिशा।** साहित्यिक संस्था साहित्य की बात के तत्वावधान में श्री हरि वृद्धाश्रम में स्व. लक्ष्मीकांत कालुस्कर की स्मृति में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. चित्रा सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, इंदिरा शर्मा एवं संचालक बृज श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ। ब्रज श्रीवास्तव ने तोरा मन दर्पण कहलाए गीत से भावपूर्ण वातावरण निर्मित किया। गोष्ठी में नजीर नूरी, शाहिद अली शाहिद, पंकज दुबे, राजेंद्र जैन, निकिता पाल, विष्णु दुबे, आनंद सौरभ, मुकेश शर्मा, सुदिन श्रीवास्तव, उदय ढोली, हरगोविंद मैथिल, चंद खां चांद, हबीब नादां, गोविंद देवलिया सहित अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया। चित्रा सिंह ने अपने संग्रह "नदी के गीले पांव से यशोधरा कविता सुनाई। अंत में कामरेड माधो सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन ब्रज श्रीवास्तव ने किया।

## शहर में निकाली वाहन रैली, मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा

# टीईटी परीक्षा के विरोध में शंखनाद, दो हजार शिक्षक-अध्यापक सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आयुक्त द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में बुधवार को अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में बड़ी में संख्या में जिले के शिक्षक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

टीईटी के विरोध में अब जिलेभर के शिक्षक और अध्यापक खुलकर आंदोलन के मूड में आ गए हैं। जिला स्तरीय वाहन रैली निकालकर शिक्षकों ने सरकार की कथित शिक्षक विरोधी नीति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई रायसेन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सक्सेना, संरक्षक उम्मेद सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार, हरिराम विश्वकर्मा, रघुवीर सिंह भदौरिया, एलएन प्रधान राजकुमार खत्री, जसवंत सिंह चौहान, संजय रघुवंशी, कन्हैयालाल मालवीय और मुकेश शाक्य सहित कई पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।




### टीईटी से जुड़े निर्णयों पर पुनर्विचार करने की उठाई मांग




शहर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गवोईपुरा बाल विहार पार्क से शुरू हुए इस आंदोलन में जिलेभर से आए करीब दो हजार से अधिक शिक्षक और अध्यापक शामिल हुए। यहां से वाहन रैली सागर-भोपाल तिराहा, श्रीरामलीला गेट, महामाया चौक, भारत माता चौराहा से सांची मार्ग होती हुई कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शन का समापन हुआ। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम मनोज उपाध्याय को सौंपा। ज्ञापन में टीईटी परीक्षा से जुड़े निर्णयों पर पुनर्विचार करने, लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के हितों की रक्षा करने और राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग में प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता निर्धारण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

### आंदोलन आगे और तेज होने के संकेत

संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल इस वाहन रैली को जिले में शिक्षक आंदोलन के बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

### शिक्षकों ने जताई नाराजगी

अध्यापक सीताराम रैकवार, उम्मेद सिंह ठाकुर और संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सक्सेना ने कहा कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों और अध्यापकों के हितों की अनदेखी की जा रही है। टीईटी परीक्षा से संबंधित निर्णयों और वरिष्ठता गणना में प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार न बनाने से शिक्षकों में असंतोष है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि सरकार के फैसलों से शिक्षकों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, जबकि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षक, अध्यापक अपने हक अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। इसी कारण संयुक्त मोर्चा का गठन कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई है।



## स्थानीय रहवासियों ने बुझाई आग

# दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की हुई भिड़ंत खाई में पलटकर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा के पास बुधवार सुबह 11 के आसपास दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क से करीब 10 फीट नीचे खाई चली गई। जिनमें से एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और एक ट्रैक्टर में आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और काफी हद तक आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलने पर सांची से फायर ब्रिगेड और सलामतपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

बताया जा रहा है कि हादसा ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ। दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली एक ही गांव के थे और देहरी की ओर जा रहे थे। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया।

## मुखबिर की सूचना पर छापा, आरोपी फरार

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सागौन लकड़ी-बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



वन मंडल सामान्य रायसेन के अंतर्गत वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 नग सागौन लकड़ी एवं एक बाइक जब्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र कुमार पालेचा ने वन अमले के साथ मुखबिर की सूचना पर परिसर चौका के कक्ष क्रमांक आरएफ 125 जमुनिया घाटी के पास मंगलवार रात्रि लगभग 9 बजे दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक मोटर साइकिल पर रख कर अवैध रुप से परिवहन की जा रही सागौन इमारती लकड़ी, 3 नग बरामद की गई। जब्त वनोपज की अनुमानित बाजार कीमत करीब 30 हजार रुपये आंकी गई है। वन विभाग ने वनोपज एवं वाहन को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए।

वन विभाग द्वारा आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नपा के नए भवन का लिया जायजा

**रायसेन।** नगर पालिका का नया भवन अब जल्द ही शुरू होने की तैयारी में है। बुधवार को दशहरा मैदान के पास महिला वन स्टॉप सेंटर के समीप निर्मित नवीन भवन का निरीक्षण कर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित ठेकेदारों को शेष कार्य शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद रायसेन को जल्द ही अपने नए कार्यालय भवन की सौगात मिलने वाली है। जल्द ही यहां कार्यालय शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# प्राकृतिक प्रकोप : आसमान में बादलों का डेरा, हुई हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बीते चैत्र माह में जहां मौसम में बार बार बादलाव होने के साथ गेहूं, चना फसलों पर संकट बना रहा। वहीं अब वैशाख माह में आसमान में घने बादल छाए रहने के साथ कहीं तेज कहीं हल्की बारिश से क्षेत्र भीग रहा।

क्षेत्र के गांव-गांव में किसानों के घर आगंनों, खलिहानों और विभिन्न गोदामों में खुले आसमान के नीचे लाखों क्विंटल गेहूं के ढेर लगे हुए है। किसानों के समक्ष गेहूं को भींजने से बचाने की सबसे बड़ी चुनौती और समस्या बनी हुई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद तौल अभी शुरु नहीं हुई है। कहीं वारदाने की समस्या तो कहीं तौल के लिए हम्मालों और गोदामों में स्थान की कमी से गेहूं की खरीद व्यवस्था अस्त-व्यस्त और व्यापक स्तर पर गड़बडियाँ फैली हुई है।

**लाखों क्विंटल गेहूं को बारिश से बचाना सबसे बड़ी चुनौती**

**बादल छाने और हल्की बारिश से तापमान में आई गिरावट**



तौल खरीद की उम्मीद में अनेक किसानों ने गौदामों के बाहर खुले आसमान के नीचे गेंहू के ढेर लगा कर पन्नी तिरपाल डाल कर सुरक्षा की जा रही है।

### बौछारों से भीगा क्षेत्र

पिछले 2-3 दिनों से आसमान में बादल छाने के साथ तेज हवाएं चलने और मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ था। बुधवार की दोपहर में घने बादल छा जाने के साथ कहीं तेज कहीं धीमी बारिश की बौछारों से सम्पूर्ण क्षेत्र भींजता रहा। गनीमत रही कि कुछ देर बार बारिश बंद हो जाने से किसानों ने राहत की सांसे लेना शुरु कर दिया। समाज में डरावने वर्षा वाले बादलों का डेरा बना रहना किसानों में भारी चिंता का विषय बनाह हुआ है।

# मूंग की खेती के लिए नरवाई में रात के समय लगा रहे आग से छा रहा धुआं

## आग लगाने पर प्रतिबंध, फिर भी धधक रही सैकड़ों एकड़ नरवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के ग्रामों में व्यापक स्तर मूंग की खेती किसानों द्वारा की जाती है। गेंहू की नरवाई में आग लगाकर खेतों का कचरा साफ करने की मनावृत्ति आज भी किसानों के बीच बनी हुई है। जिससे जल्दी मूंग की बौवनी की जा सके।

पिछले 2 दिन नगर के बाहरी क्षेत्र के खेतों में नरवाई में लगी आग का हुआ और आग की लपटों ने डरावना माहौल बना दिया। नरवाई में आग लगाने पर प्रतिवर्ष कलेक्टर द्वारा प्रतिबंध लगाया जाता है। प्रतिबंध लगाने के बाद निचले स्तर पर प्रभावी कार्यवाही रोक और किसानों के बीच जागरुकता के अभाव से नरवाई में आग लगाना नुकसान दायक होने के बाद भी आग लगाने का सिलसिला गेंहू की कटाई के बाद शुरु हो जाता है।

रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से नरवाई में लगी आग का धुंआ फैलने, लपटें उठने और अन्य खेतों में एक साथ आग लगने की गर्मी के सीज़न में नुकसान वाली स्थिति बनती है। नरवाई में आग लगाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही न हो पाने से रोक नहीं लग पा रही है।

# दीप जलाकर आत्मदाह करने वाले युवाओं को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

अखंड ब्राह्मण सेवा समिति संपूर्ण भारतवर्ष के जिला रायसेन शाखा बाड़ी में मीटिंग रखी गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर मंडल आयोग की सिफारिश में आत्मदाह करने वाले स्वर्ण युवाओं के लिए श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही महिला मंडल का गठन किया गया। मीटिंग में सभी प्रतिभावान महिलाओं द्वारा उपस्थिति प्रदान की गई।

बैठक में संभाग अध्यक्ष भारती शर्मा, वर्षा टैगोर, कविता शर्मा, पूजा शर्मा, लता शर्मा, ज्योति टैगोर, ऊषा शर्मा, तृप्ति टैगोर, क्षमा शर्मा उपस्थित रही। इसके अन्य समुदाय की महिलाओं ने भी श्रद्धांजलि दी।

# शौर्य दिवस कार्यक्रम को लेकर लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

## 28 अप्रैल को भोपाल में होगा कार्यक्रम




राजा हिरदेशाह लोधी अमर शहीद की शौर्य दिवस पर 28 अप्रैल को भोपाल में होने वाले कार्यक्रम को लेकर नगर के गंभीरिया मोहल्ला में स्थित जिला पंचायत सदस्य मोहित लोधी के निवास पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व मंत्री अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल शामिल हुए और लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

बैठक में जालम सिंह पटेल के साथ ही महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष कमलेश वर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू लोधी, विदिशा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव लोधी, वर्ष लोधी, महिला जिलाध्यक्ष सुषमा लोधी ने संबोधित किया। इस दौरान भगवान सिंह लोधी बृजेंद्र बड़ेदा, जहर सिंह लोधी, नपाध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद उपाध्यक्ष मेहरबान सिंह लोधी, जनपद सदस्य राजा लोधी, लोकेंद्र लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए।

श्री पटेल ने कहा कि राजा हिरदेशाह लोधी 1842 की क्रांति के प्रमुख महानायक थे जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लगभग 15 वर्ष पहले ही अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया था।

## कृषि विभाग के निदेशक और कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर देखीं तैयारियां

# कृषि मेले में रहेंगे डेयरी-पोल्ट्री-मत्स्य और बकरी पालन से आय में वृद्धि के वैज्ञानिक मॉडल, वैज्ञानिकों से भी होगा सीधा संवाद

**दशहरा मैदान में 11 अप्रैल से हो रहे तीन दिवसीय कृषि के महाकुंभ में जिले के किसानों के लिए बहु-आयामी आय के नए अवसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेले की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को केंद्रीय कृषि विभाग के निदेशक अविनाश लावनिया और कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा पहुंचे, जहां उन्होंने आयोजन की तैयारियों का बरीकी से जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा अनेक जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषि मेले में फसल के साथ-साथ डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्यपालन, बकरीपालन, एफपीओ-मार्केटिंग और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका के अवसरों पर विशेष ध्यान होगा, ताकि किसानों की आय के अनेक मजबूत स्तंभ तैयार हो सकें।

### कृषि महाकुंभ : पूरी वैल्यूचेन एक मंच पर

इस महोत्सव में उत्पादन, पशु पालन, प्रसंस्करण, मार्केटिंग और उद्यमिता की पूरी वैल्यू-चेन को एक साथ रखा जाएगा, ताकि किसान खेत से लेकर बाज़ार और निर्यात तक की पूरी यात्रा को एक ही जगह समझ सकें। रायसेन में तीन दिनों के लिए लाइव डेमो, तकनीकी सत्र, ट्रेनिंग श्रृंखला और बिजनेस-मीटिंग्स का केंद्र बनेगा, जहां वैज्ञानिक, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण उद्यमी आमने-सामने संवाद करेंगे।

**» रायसेन में तीन दिनों के लिए लाइव डेमो, तकनीकी सत्र, प्रशिक्षण श्रृंखला और बिजनेस मीटिंग्स का केंद्र बनेगा**



### उन्नत पशुधन प्रदर्शन और वैज्ञानिक पशुपालन मॉडल

कृषि मेले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से आयोजित पशुधन प्रदर्शन में गिर, साहीवाल, थारपारकर, मालवी जैसी उन्नत गाय नस्लें तथा जमुनापारी, बारबरी, सिरोही, बीटल, सोजत जैसी दुग्ध और मांस दोनों के लिए उपयुक्त बकरी नस्लें प्रदर्शित की जाएंगी। वहीं कड़कनाथ जैसी विशिष्ट पोल्ट्री नस्ल किसानों को उच्च मूल्य वाली मार्केट से जोड़ने का रास्ता दिखाएगी। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से पशु-स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण, प्रजनन, नस्ल सुधार पर जानकारी दी जाएगी। डेयरी- कोऑपरेटिव, चारा प्रबंधन, गोबर-आधारित ऊर्जा और ऑर्गेनिक-इनपुट जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### प्रशिक्षण, स्टार्ट-अप और वैज्ञानिक संवाद : युवाओं के लिए नया क्षितिज

किसानों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण, सरकारी योजनाओं की लाइव जानकारी और कृषि स्टार्ट-अप प्रेज़ेंटेशन तथा वैज्ञानिकों से सीधा संवाद इस कृषि महाकुंभ के तीन मजबूत स्तंभ हैं, जो न केवल कृषि उत्पादन बढ़ाएँगे बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खोलेंगे। तीनों दिनों में विषय-आधारित तकनीकी सत्र, ड्रोन, हाइड्रोपोनिक्स, आरएएस, बायोफ्लॉक, वेस्ट-टू-वेल्थ, जल-संचयन, प्राकृतिक खेती, डिजिटल खेती और एग्री फिनटेक जैसे क्षेत्रों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रेजेंटेशन और प्रश्न-उत्तर सत्र होंगे, ताकि प्रतिभागी नए मॉडल को लागू कर सकें।

# क्षेत्र में दो दिन से बिजली गुल पानी सप्लाई व्यवस्था भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बिजली कटौती ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मंगलवार देर रात से गई बिजली बुधवार शाम तक भी बहाल नहीं हो सकी।

भीषण गर्मी के बीच पूरे दिन बिजली न रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में पंखे-कूलर बंद रहे। वहीं छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। बिजली बंद रहने का सीधा असर नल-जल योजना पर भी पड़ा। मोटर बंद रहने से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे पीने के पानी के लिए भी ग्रामीणों को जूझना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**RAJEEV GANDHI COLLEGE OF EDUCATION, RAISEN**
{ Recognized By NCTE (WRC) }
Sanchi Road Raisen(M.P.)-464551
**APPOINTMENT**
Application are invited for the post and qualification as under:-

D.El.Ed.

| Post | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|
| Lecturer | 4 | P.G. and M.Ed. WITH 50% Marks |
| Sport Techer | 1 | B.P.Ed. & M.P.Ed. with 50 % marks |
| Fine Arts Techer | 1 | MA in Fine Arts |

Qualification for all above shall be strictly as NCTE Norms to Apply send you CV To chaturvedi.sumit4@gmail.com within 03 days.
Principal